मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-177
02/04/2021

मैथिली के मूर्धन्य साहित्यकार और ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद पं0 चंद्रनाथ मिश्र अमर जी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 02 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मैथिली के मूर्धन्य साहित्यकार और ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद पं0 चंद्रनाथ मिश्र अमर जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि पं0 चंद्रनाथ मिश्र अमर जी का निधन मिथिला एवं मैथिली भाषा एवं साहित्य के लिये गहरी क्षति है। उन्हें 1983 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा साहित्य क्षेत्र के दर्जनों अन्य पुरस्कार से भी वे सम्मानित किये जा चुके थे। उनके निधन से साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******